बरेली, शुक्रवार
19 नवंबर, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20

दैनिक जागरण

PAGE NO. : 08 BOTTOM

स्पोर्ट्स मीट के दूसरे दिन आइएमएस का दबदबा

जागरण संवाददाता, बरेली: श्री राममूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में चल रहे स्पोर्ट्स मीट 'हुंकार' के दूसरे दिन के खेल हुए। क्रिकेट में पैरामेडिकल और सीईटीआर की टीमें फाइनल में पहुंचीं। बैडमिंटन महिला वर्ग में आइएमएस और पुरुष वर्ग में सीईटी जीता। पूल में आइएमएस और शतरंज में सीईटी ने बाजी मारी।

आयोजन समिति के सचिव डा. सोवन मोहंती ने बताया कि तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट 'हुंकार' में गुरुवार को पूल, बैडमिंटन, शतरंज, बास्केटबाल, खो-खो और क्रिकेट मैच खेले गए। इसमें एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से संचालित सभी संस्थानों के छात्रों ने भाग लिया। एसआरएमएस मेडिकल कालेज में पूल और बैडमिंटन मैच खेले गए। पूल का पहला मुकाबला हुआ। इसमें आइएमएस की टीम ने जीत दर्ज की। बैडमिंटन के दूसरे मुकाबले में महिला और पुरुष दोनों वर्ग ने प्रतिभाग किया।

स्पोर्ट्स मीट के दूसरे दिन गुरुवार को दौड़ लगाती युवतियां • सौ.एसआरएमएस

हुंकार

- क्रिकेट में पैरामेडिकल और सीईटीआर की टीमें फाइनल में
- बैडमिंटन महिला वर्ग आइएमएस और पुरुष वर्ग में जीता सीईटी

पुरुष वर्ग में सीईटी की ही दो टीमों 'ए' और 'बी' के मैच खेला गया। इसमें टीम 'ए' ने मैच जीता। दूसरा मुकाबला महिला वर्ग में आइएमएस और सीईटी के बीच हुआ। इसमें आइएमएस की टीम ने बाजी मारी।

20 को क्रिकेट का फाइनल

एसआरएमएस सीईटीआर परिसर में खेले गए शतरंज के फाइनल में सीईटी की टीम ने सीईटीआर को हरा दिया। बास्केटबाल फाइनल में महिला एवं पुरुष वर्ग में आइएमएस की टीमों ने सीईटी और सीईटीआर को हराकर जीत दर्ज की। क्रिकेट के सेमीफाइनल में आइपीएस की टीम ने नर्सिंग को हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली। फाइनल आइपीएस और सीईटीआर के बीच 20 नवंबर को खेला जाएगा।